भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3932
17 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

विषय- पीएमएफबीवाई के तहत बीमित किसान और जमीन

3932. श्री सप्तगिरी शंकर उलाकाः
श्री के. सुधाकरनः
श्री तनुज पुनियाः
श्री कार्ती पी. चिदम्बरमः
श्री एंटो एन्टोनीः
डॉ. मोहम्मद जावेदः
डॉ. नामदेव किरसानः
श्री रमासहायम रघुराम रेड्डीः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत कवर किए गए किसानों की कुल संख्या कितनी है और बीमित कुल क्षेत्र का खरीफ और रबी मौसमों के लिए अलग-अलग वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान पीएमएफबीवाई के अंतर्गत खरीफ और रबी फसलों के लिए अलग-अलग वर्ष-वार किसानों द्वारा भुगतान किए गए कुल प्रीमियम और बीमा कंपनियों द्वारा भुगतान किए गए कुल दावों का ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्तमान में इस कार्यक्रम को कार्यान्वित नहीं करने वाले राज्यों की सूची क्या है;
(घ) वर्ष 2021-22 से पीएमएफबीवाई को लागू करने के लिए लगी हुई सरकारी क्षेत्र और निजी बीमा कंपनियों की वर्ष-वार सूची क्या है;
(ङ) वर्ष 2021-22 से प्रत्येक प्रतिभागी बीमा कंपनी द्वारा पीएमएफबीवाई के अंतर्गत भुगतान किए गए दावों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(च) क्या उक्त अवधि के दौरान पीएमएफबीवाई के अंतर्गत भुगतान किए गए दावों में कमी आई है और यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं; और
(छ) क्या निजी बीमा कंपनियों ने पीएमएफबीवाई से नाम वापस ले लिया है/बाहर हो गई हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)

(क) और (ख): विगत पांच वर्षों के दौरान अर्थात् 2020-21 से 2024-25 (दिनांक 31.12.2025 तक) के दौरान नामांकित किसान आवेदनों, बीमित क्षेत्र, प्रीमियम में किसान की हिस्सेदारी और बीमा कंपनियों द्वारा भुगतान किए गए कुल दावों का वर्ष-वार और सीजन-वार विवरण **अनुबंध-1 में दिया गया है**।

(ग): PMFBTY राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और किसानों के लिए भी स्वैच्छिक है। वर्तमान में, यह योजना 24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। तथापि, वर्तमान में बिहार, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब,

गुजरात, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, दिल्ली, लद्दाख, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव इस योजना का कार्यान्वयन नहीं कर रहे हैं।

(घ): वर्तमान में, देश में फसल बीमा योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की सभी 5 साधारण बीमा कंपनियों के अलावा 15 निजी साधारण बीमा कंपनियों को भी पैनल में शामिल किया गया है। योजना के कार्यान्वयन के लिए कंपनी का चयन संबंधित राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कंपनियों की पैनलबद्ध सूची में से किया जाता है। वर्तमान में PMFBY के कार्यान्वयन के लिए सूचीबद्ध बीमा कंपनियां निम्नानुसार हैं:

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियां	
1.	एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड
2.	नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
3.	न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
4.	ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
5.	यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियां	
6.	बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
7.	चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
8.	फ्यूचर जनराली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (अब इसका नाम बदलकर जनराली सेंट्रल कर दिया गया है)
9.	एचडीएफसी-एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
10.	आईसीआईसीआई-लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
11.	इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
12.	रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (अब इसका नाम बदलकर इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कर दिया गया है)
13.	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
14.	श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
15.	टाटा-एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
16.	यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
17.	रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
18.	गो-डिजिट जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
19.	क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड
20.	रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

(ङ): वर्ष 2021-22 से 2024-25 (दिनांक 31.12.2025 तक) तक भुगतान किए गए दावों का बीमा कंपनी-वार विवरण **अनुबंध-2 में दिया गया है।**

(च): भुगतान किए गए दावों की सीमा प्राकृतिक आपदाओं की घटना पर निर्भर करती है।

(छ): विगत 4 वर्षों में, पैनल में शामिल निजी बीमा कंपनियों में से रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, गो-डिजिट जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने PMFBY के कार्यान्वयन हेतु बीमा कंपनी के चयन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा जारी निविदाओं में भाग नहीं लिया है।

अनुबंध-1

वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक PMFBY का कवरेज और दावा विवरण (दिनांक 31.12.2025 तक)

वर्ष	सीजन	नामांकित आवेदन	बीमित क्षेत्र	प्रीमियम में किसानों की हिस्सेदारी	भुगतान किए गए दावे
		(संख्या में)	(हे. में)	(रुपये करोड़ में)	
2020-21	**खरीफ**	4,39,71,742	294.53	2,717.16	14,391.52
	रबी	2,00,04,595	225.84	1,427.38	6,135.73
2021-22	**खरीफ**	5,04,23,355	251.53	2,341.97	15,017.18
	रबी	3,25,94,437	214.73	1,393.13	5,550.12
2022-23	**खरीफ**	6,92,36,314	267.40	2,554.05	13,080.85
	रबी	4,33,00,301	250.22	1,433.92	6,793.35
2023-24	**खरीफ**	8,80,65,266	326.26	1,789.14	15,473.11
	रबी	5,55,67,213	283.00	1,422.02	5,339.43
2024-25	**खरीफ**	9,86,73,250	339.83	1,902.36	10,392.40
	रबी	5,28,10,557	282.65	1,442.79	3,804.13
कुल		**55,46,47,030**	**2,735.98**	**18,423.92**	**95,977.84**

अनुबंध-2

वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक PMFBY के बीमा कंपनी-वार दावा विवरण

(दिनांक 31.12.2025 तक)

बीमा कंपनी	भुगतान किए गए दावे (रु. करोड़ में)				
	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	कुल
एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड	9,756.85	9,638.26	7,101.71	5,883.80	32,380.62
बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,734.12	1,896.60	820.63	230.21	4,681.57
भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड **#**	481.64	-	-	-	481.64
चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	-	-	411.81	226.13	637.94
जनरली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	724.02	396.97	195.91	47.30	1,364.20
एचडीएफसी-एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,755.66	1,443.16	1,663.79	1,273.63	6,136.24
आईसीआईसीआई-लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	90.53	577.20	772.24	687.30	2,127.27
इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,038.25	216.71	942.15	752.72	2,949.83
क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड	-	-	670.67	351.34	1,022.01
नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	2.95	3.55	-	-	6.50
ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	-	-	3,415.52	1,529.67	4,945.19
इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	2,683.11	2,030.58	1,970.94	606.37	7,291.01
एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,386.85	2,436.58	1,179.85	1,020.59	6,023.88
टाटा-एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	-	-	378.31	399.96	778.27
यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	-	539.15	481.84	402.36	1,423.35
यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	913.31	695.44	807.17	785.15	3,201.07
कुल	**20,567.30**	**19,874.20**	**20,812.55**	**14,196.53**	**75,450.58**

भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का अब आईसीआईसीआई-लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में विलय हो गया है।

******